# कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड, रांची।

वन भवन, डोरण्डा, रांची–834002. Phone- 0651-2481909 (O) / 2480413 (F) email – pccfjhk@jharkhandmail.gov.in


पत्रांक–13E-19(A)-26/2006- 2684 रांची, दिनांक– 18.08.2015

प्रेषक,

बी0सी0 निगम,
प्रधान मुख्य वन संरक्षक ।

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य वन्यप्राणी प्रतिपालक, झारखंड।
सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, झारखंड ।
मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी, झारखंड, रांची ।
क्षेत्रीय निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना, मेदिनीनगर ।

विषय : वनाधिकाकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों के निष्पादन के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांक–13E-19(A)-26/2006-1965, दि0–10.06.2015.

महाशय,

इस कार्यालय के उपरोक्त प्रासंगिक पत्र द्वारा वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों के साथ Geo Reference GPS Maps उपलब्ध कराने में वांछित सहयोग प्रदान करने का निदेश दिया गया था। यह सूचना प्राप्त हो रही है कि विभिन्न प्रमंडलों द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों के साथ Geo Reference GPS Maps लगाने को अनिवार्य किया जा रहा है, जिससे पट्टा निर्गत करने में अनावश्यक अड़चनें उत्पन्न हो रही है। आवदेन पत्र के साथ Geo Reference GPS Map को लगाने की अनिवार्यता न तो व्यवहारिक है और न ही इस विषयक स्थापित नियमों के अनुरूप।

अतः इस कार्यालय के उपरोक्त प्रासंगिक पत्र में दिए गए निदेशों को निरस्त करते हुए कहना है कि कृपया अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं संशोधित नियम 2012 के संदर्भित प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करते हुए जल्द–से–जल्द प्राप्त आवेदन पत्रों का निष्पादन करने में ग्राम सभा, अनुमंडल एवं जिला स्तर की समितियों को वांछित सहयोग प्रदान किया जाए ।

विश्वासभाजन,

18/8/15

(बी0सी0 निगम)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक

ज्ञापांक– 2684 रांची, दि0– 18.8.2015

प्रतिलिपि : सभी प्रमंडलीय आयुक्त, झारखंड / सभी उपायुक्त, झारखंड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

ज्ञापांक– 2684 रांची, दि0– 18.8.2015

प्रतिलिपि : सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी, झारखंड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

ज्ञापांक– 2684 रांची, दि0– 18.08.2015

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड, रांची को सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

ज्ञापांक– 2684 रांची, दि0– 18.8.15

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, झारखंड, रांची को सूचनार्थ प्रेषित ।

18/8/15

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

ज्ञापांक– IIE-19(A)-26/06 — 2841 रांची, दि0– 26.8.15

प्रतिलिपि : सचिव, कल्याण विभाग, झारखंड, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

To envis cell for uploading.